जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-5 | जयपुर, सोमवार, 6 फरवरी, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4




# डॉ. श्रवण बराला ने हजारों लोगों की मौजूदगी में किया विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान

## सेवा संकल्प समारोह के रूप में मनाया अपना जन्मदिन , भाजपा के कई बड़े नेता, संत-महंत भी रहे मौजूद

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता और स्वाभिमान ग्रामीण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. श्रवण बराला ने हजारों लोगों की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव लड़ने का खुला ऐलान कर दिया है । चौमूं को चिकित्सा क्षेत्र में पहचान दिलाने में बराला परिवार का बड़ा योगदान है। अपने जन्मदिन को सेवा संकल्प समारोह के रूप में हजारों लोगों की भीड़ जुटाकर भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को राजनीतिक ताकत दिखाने के साथ ही भाजपा में टिकट की दावेदारी भी पेश कर दी। मंच से उन्होंने जनता से पूछा.. पाळो मांड दयूं कै, आवाज आई मांड दयो..।

शहर के राधास्वामी बाग तिराहे पर आयोजित सेवा संकल्प समारोह में क्षेत्र के कई संत-महंत भी मौजूद रहे। इनकी मौजूदगी में ही मंच से डॉ. बराला ने मिशन-2023 का ऐलान कर दिया। समारोह में डॉ. बराला ने आगामी अपने कार्यक्रमों की योजना भी रखी। चौमूं विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कई मुद्दों का भी जिक्र किया।




किसानों की समस्याओं, पाले से हुए नुकसान की भरपाई करने, नदी से नदी जोड़ने की सिंचाई परियोजना को लेकर आंदोलन करने, युवाओं को रोजगार के लिए सुनियोजित कार्यक्रम चलाने, ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने, रात्रि चौपाल के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने, खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने जैसे मुद्दों पर योजना बनाकर काम करने का ऐलान भी किया। इस मौके पर डॉ. बराला के 25 सालों के संघर्ष की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। समारोह में डॉ. बराला को 251 मीटर लंबा साफा बांधा गया, तलवार और हल भेंट किए गए। चीथवाड़ी से आई महिलाओं ने तलवार भेंट की। किसानों की ओर से हल भेंट किया गया। 151 किलो तक की मालाएं पहनाई गई। महिलाएं भी काफी संख्या में मौजूद रही। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मंच का प्रभावी संचालन हरिराम किंवाड़ा ने किया।सेवा संकल्प समारोह के दौरान उत्साहित समर्थकों और कार्यकर्ताओं की इच्छा पर डॉ.श्रवण बराला ने हजारों की भीड़ के सामने तलवार से केक काटा।

**समारोह में पहुंचे भाजपा के कई बड़े नेता –**

डॉ. श्रवण बराला के सेवा संकल्प समारोह के मंच पर बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया, पूर्व जिला प्रमुख हजारीलाल नागर, जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील, पूर्व विधायक रणवीर पहलवान, किसान नेता हरिनारायण गठाला, रमेश गुलिया, छोटेलाल कुमावत, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के निदेशक, सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, डॉ. डीके गुप्ता, डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अजय चौधरी व डॉक्टर्स मौजूद रहे।

**मंदिर-मठ के संत-महंत भी समारोह में पहुंचे-**

संकल्प सेवा समारोह में वीर हनुमान धाम सामोद मंदिर के जगतगुरु देवाचार्य अवधबिहारी महाराज, त्रिवेणीधाम के महंत गंगादास, उदयपुरिया मठ के महंत भगवानपुरी, आलीसर धाम के महंत गंगादास, जाहोता आश्रम के कृष्णदास, अंजनी हनुमान धाम हाड़ौता के महामंडलेश्वर हरिकृष्णदास, पंचमुखी शिवधाम से बम महाराज, जैतपुरा धाम से किशन मुनि, अमर मुनि, पंजाब से हनुमानदास, महंत किशनदास और महंत रतनदास,मालेरा धाम के महंत रामफूलदास महाराज, अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य भी मौजूद रहे। सभी ने उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया ।

# कला शिक्षक मंच द्वारा कलात्मक कैलेंडर 2023 का हुआ विमोचन

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** कला शिक्षक मंच हरिद्वार द्वारा कलात्मक कैलेंडर 2023 का विमोचन अटल उत्कृष्ट रा. इका. रुड़की में अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड गढ़वाल मंडल पौड़ी महावीर सिंह बिष्ट एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार के के गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से कला शिक्षकों ने भाग लिया । कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई । रामनगर से आए कला शिक्षक अमरजीत द्वारा किशोर कुमार के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई कला । शिक्षक मंच हरिद्वार के इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा भी शिरकत की गई । अपर निदेशक ने कला विषय के महत्व को समझाते हुए कहा कि कला चित्रकला तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मूर्तिकला, नृत्य कला, काष्ठकला आदि भी कला के ही रूप है । छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारते हुए कला के सभी प्रारूपों की शिक्षा दी जानी चाहिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार ने कला मंच के इस प्रयास की भूरी - भूरी प्रशंसा की । कार्यक्रम में अपर शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट द्वारा पर्यावरण मित्र अशोक पाल सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक ओमकार सैनी, संयोजक सुखदेव सैनी, सह संयोजक विकास शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के साथ-साथ मुख्य सहयोगी के रुप में अंजलि चौहान, सुदीप्ता चौहान, लाल सिंह, शिव कुमार पाल आदि उपस्थित रहे ।



# पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी पर एक बार फिर लगी मुहर

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की गई भविष्यवाणी सटीक हुई । भुवन गोयल के प्रमोशन से 20 दिन पहले आचार्य ने भविष्यवाणी की थी कि आपका प्रमोशन होने वाला है जो भविष्यवाणी सही हुई। रविवार को गुप्त नवरात्र के अष्टमी के दिन भुवन गोयल भेरू जी के दर्शन किए, विधि विधान से पूजा कराई, चोला चढ़ाया और उनका आशीर्वाद दिया । इस दौरान नीरज जांगिड़ सीबीआई जज, पंडित राहुल दाधीच, सचिन शर्मा, मामराज गुर्जर, पुजारी फूलचंद गुर्जर, पुजारी सरवन, पुजारी हरि, पुजारी विनोद गुर्जर, विनोद गुप्ता, संदीप शर्मा, शशांक बंसल, आलोक शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।








# विशाल कन्या प्रसादी और साधु संतों के आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ साईं मंदिर का पाटोत्सव






**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थिति श्री शिरडी साई मंदिर का द्वादशम पाटोत्सव विशाल कन्या प्रसादी और साधु संतों के आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ। 1 फरवरी से 3 फरवरी तक 3 दिन तक चलने वाले पाटोत्सव का शुभारंभ बाबा के श्रृंगार के साथ शुरू हुआ। दूसरे दिन बाबा का अभिषेक और क्षेत्र में सुख शांति के लिए हवन का आयोजन हुआ। संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया । तीसरे दिन भजन कीर्तन के साथ कन्या पूजन कर विशाल कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया । मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि आसपास के साधु संतों ने उपस्थित लोगों से आशीर्वचन कहे और उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया । इस दौरान जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और भामाशाहों का माला और दुपट्टा पहनाकर , साईं नाथ का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत - सम्मान किया । हजारों की संख्या में कन्याओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की ।

**साईं भक्तों ने किया कमाल, भेंट की स्कूटी-**

मंदिर में आस्था रखने वाले साईं भक्तों के द्वारा आज मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के ज्येष्ठ पुत्र कुंवर जितेंद्र सिंह नाथावत के जन्मदिन पर होंडा एक्टिवा स्कूटी भेंट की । जिसकी चाबी ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रुक्क्षमणी कुमारी ने अपने कर कमलों से प्रदान की । महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने कहा कि यह बाबा का द्वादशम पाटोत्सव है। बाबा के दर पर जो भी सच्चे मन से आता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है । इसी का फल है कि कठिन परिस्थितियों के बाद भी भक्त मंदिर से जुड़े हुए हैं ।

इस दौरान चेतन दास जी महाराज फलाहारी बाबा, बम महाराज परमेश्वर धाम नोपुरा , सर्व सिद्धेश्वर मालेरा धाम के महंत रामफूलदास महाराज, एईएन पुष्पेंद्र चौधरी, विराज फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी, डॉ. हरीवल्लभ सैनी , मुकेश सैनी, गोपाल बजाज, रामचरण सर्राफ़, रविंद्र सिंह, रामजीलाल शर्मा, भंवर खान, तोफान लाल जांगिड, कालू खान, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, राम सिंह मीणा, भवानी सिंह ,जितेंद्र सिंह नाथावत, मुन्नालाल, सुरेंद्र शर्मा ,किशनलाल, हेमराज शर्मा, नवदीप नाथावत, अंजली नाथावत, आयुषी नाथावत, तोफान जांगिड़, नंदलाल सैनी, सुसाराम दूत, गोविंद कंवर ,प्रियंका कुमारी रुपनगढ़ सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# सर्व सिद्धेश्वर मालेरा धाम में बही भजनों की रसधार,झूम उठे श्रद्धालु,हजारों लोगों ने पायी पंगत प्रसादी





**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं चंदवाजी स्टेट हाईवे स्थित सर्व सिद्धेश्वर मालेरा धाम में 15 वाँ विराट भंडारा, माघ मेला और भजन संध्या का आयोजन मंदिर महंत रामफूलदास महाराज के सानिध्य में किया गया । इस दौरान बाबा रामदेव जी की मनोहारी झांकी सजाई गयी । दोपहर में बाबा रामदेवजी के भोग लगाया गया । भजन संध्या में जोधपुर से पधारे गायक मोहित राज लीलन सिंगारे फैम, ममता रंगीली सुर कोकिला, शुभम बिखरनियाँ नागौर द्वारा बाबा के भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया । इस दौरान मीठे रस से भरयोडी राधा रानी लागे, रुण झुण बाजे घुघरा, राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमने लगे।देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव जी के दर्शन किए और भाजनों को सुनकर अंत में प्रसादी ग्रहण की। महंत रामफूलदास महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि पुण्य की जड़ सदा हरी रहती है । जो भी भक्त इस मंदिर में पूर्ण श्रद्धा से आता है ,उसकी सभी मनोकामनाएं बाबा रामदेव जी पूर्ण करते हैं । भजन संध्या के दौरान आए हुए कलाकारों प्रकाश मारवाड़ी जोधपुर, कविता भारती जोधपुर ने अघोरियों की झांकी दिल्ली, हनुमानजी, बाबा रामदेव का घोडलिया, माता जी,राधा कृष्ण,शिव पार्वती की जीवंत झांकी विशेष रुप से की । विशाल माघ मेले में आए हुए भक्तों और श्रद्धालुओं और शिष्यों ने महंत रामफूलदास महाराज का माल्यर्पण कर शाल ओढ़कर सम्मान किया और आशीर्वाद लिया । विशाल माघ मेले में पधारे सभी साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का महन्त रामफूलदास महाराज द्वारा बाबा रामदेवजी का दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया । इस दौरान विधायक रामलाल शर्मा, अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, ईटावा शिर्डी साईं मंदिर के महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री प्रकाश हाटवाल, चौमूं तहसील मीणा समाज अध्यक्ष रामचंद्र मीणा, डॉक्टर हनुमान बराला, डॉ.राकेश चौधरी, शंकरलाल नटवाडिया, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य, सुनील मीणा, देव पलसानिया, प्रकृति भक्त वैज्ञानिक रामदयाल मीणा, विश्व सनातन हिंदू सेना के राष्टीय अध्यक्ष जीएसएस तंवर, भाजपा नेता श्याम शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा, भाजपा युवा नेता शंकर गौरा, एडवोकेट संजय बींवाल, श्रवण सैनी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अर्जुन लाल सैनी, राजेंद्र सैनी सहित कई लोगों ने शिरकत की । कार्यक्रम का संचालन यश माहोर ब्यावर द्वारा किया गया ।

**महंत रामफूलदास महाराज भी भजनों पर झूम उठे-**

भजन संध्या के दौरान महंत रामफूलदास महाराज भी अपने को रोक नहीं पाए और जैसे ही गायक मोहित राज ने रुण झुण बाजे घुघरा गाना शुरू किया तो झूमने लगे । पंडित रविंद्र आचार्य और कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत भी बालाजी के भजन पर भाव विभोर होकर नाचने लगे।

# ईश्वर अल्लाह तेरो नाम (आलेख)

सदियों से पहले 24 दिसंबर की मध्य रात्रि को बेथलेहम की एक झोपड़ी में परमेश्वर के एक अवतार ने जन्म लिया। कालांतर में नाम बना जीसस क्राइस्ट। अचानक जेहन में एक विचार आया कि जिनका भी जन्म मध्य रात्रि को हुआ, उनके जीवन में शत्रु बहुत रहे । फिर भी उन्होंने दुख और कष्ट हंसते-हंसते निभाए । यीशु के अलावा श्रीकृष्ण ने भी ईश्वर के अवतार के रूप में कंस की जेल में जन्म लिया। उन्होंने भी कम कष्ट नहीं सहे । पर उन्हीं के गीता सार ने जीवन के नए आयाम का संदेश देकर विश्व के अनगिनत लोगों को प्रभावित किया।

सदियों की गुलामी के बाद स्वतंत्र भारत का उदय भी मध्य रात्रि को हुआ। तब से लेकर अब तक भारत को भी हर तरफ से शत्रुओं का सामना करना पड़ा । कुछ शत्रु बाहर के थे तो अपने घर में बसे शत्रु भी कम नहीं रहे । फिर भी यह देश आगे बढ़ता रहा, गीत गाता रहा । अपने साहित्य में, लोक संगीत में उस अनंत दिव्यता की महिमा का वर्णन भजन, कीर्तन, अभंग, कव्वाली में भरपूर किया । ईश्वर, अल्लाह, गॉड सबको एक ही बताया । ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान

वैसे इस गीत का आधार है एक भजन -रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम इसकी रचना 17 वीं शताब्दी के संत कवि श्री लक्ष्मण आचार्य ने की थी । यही राम धुन गांधी जी की प्रार्थना सभा में गाई जाती थी । किसी धर्मनिरपेक्षतावादी ने इसमें जोड़ दिए कुछ और शब्द -

रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम<br>
ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान

कुछ लोगों ने इस पर भीषण आपत्ति भी जताई, लेकिन गांधीजी ने कहा कि इसे चलने दो । फिर यह गीत चल पड़ा और ऐसा चला कि 1960 में फिल्म हम दोनों में संगीतकार जयदेव के नए बोल और नई धुन से बन गई एक अजर अमर प्रार्थना ।

अल्लाह तेरो नाम, ईश्वर तेरो नाम<br>
सबको सन्मति दे भगवान<br>
मांगों का सिंदूर न छूटे<br>
मां बहनों की आस न टूटे<br>
देह बिन दाता भटके न प्राण<br>
सबको सन्मति दे भगवान



सच तो यह है कि भारतीय दर्शन में ही समस्त विश्वकल्याण का वर्णन है । न राम, न रहीम, न मूसा, न ईसा । होठों पर केवल समस्त मानव जाति के सुख, कल्याण और निरोगी होने की विनती है । सर्वे भवंतु सुखिनः अर्थात सबका कल्याण हो, सब रोगमुक्त रहे, सभी का जीवन मंगलमय रहे और शांतिपूर्ण रहे । (ये लेखक के अपने विचार हैं)

**-किशन गिरी गोस्वामी, जैसलमेर, राजस्थान**

# जगदीश सैनी ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव नियुक्त



**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने शाहपुरा निवासी जगदीश सैनी गुड्डू को राष्ट्रीय संगठन सचिव नियुक्त किया। सैनी के राष्ट्रीय संगठन सचिव नियुक्त होने पर प्रादेशिक एवम स्थानीय सैनी समाज के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओ ने हर्ष जताते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते, नव नियुक्त राष्ट्रीय संगठन सचिव सैनी को बधाई प्रेषित की।

## विद्युत एमनेस्टी योजना मूल बकाया राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज व पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर डिस्कॉम द्वारा बिजली की बकाया राशि की वसूली हेतु एमनेस्टी योजना लागू की गई है। योजना के तहत 31 दिसम्बर, 2022 तक की बकाया राशि एकमुश्त जमा करवाए जाने पर ब्याज व पैनल्टी में शत- प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। कृषि श्रेणी के नियमित व कटे हुये कनेक्शनों के लिये 31 मार्च, 2023 तक और अन्य श्रेणियों के लिये 30 जून, 2023 तक योजना लागू की गई है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया की सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिये एमनेस्टी योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत उपभोक्ता दिसम्बर, 2022 तक की बकाया राशि योजनावधि में एकमुश्त जमा करवाते हैं तो मूल बकाया राशि पर देय ब्याज व पैनल्टी में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया की कृषि श्रेणी के नियमित एवं कटे हुये कृषि कनेक्शन के उपभोक्ता 31 दिसम्बर, 2022 तक की बकाया राशि बिना ब्याज व पैनल्टी के एकमुश्त अथवा अधिकतम 6 द्विमासिक किस्तों में जमा करा सकते हैं। अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को सम्पूर्ण मूल बकाया राशि एकमुश्त जमा करवाए जाने पर विलम्ब भुगतान शुल्क व ब्याज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। एमनेस्टी योजना का लाभ केवल ऐसे उपभोक्ताओं को ही मिलेगा जिन्होनें गत 3 वर्षों में इस तरह की योजनाओं का लाभ नहीं लिया है।

# चेयरमैन विष्णु सैनी ने किया गायत्री महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत मोरीजा में आयोजित होने वाले गायत्री महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने अपने कर कमलों से किया । ग्राम मोरीजा में 8 फरवरी से 10 फरवरी तक तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ में 551 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी । कलश यात्रा मोरीजा पंचायत हाण्डीदास बाबा के मंदिर से रेल्यावाली ढाणी यज्ञ स्थल तक जाएगी । इस दौरान युवा कांग्रेस महासचिव दिनेश कुमार सैनी, ओमप्रकाश सैनी, रामपाल सैनी, रवि तंवर, राहुल सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे ।




## जॉब्स

1. संघ लोक सेवा आयोग (PSC), पद आई ए एस, आई एफ एस, पद संख्या 1255, अंतिम तिथि 21 फरवरी 2023
2. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (SSC), पद एमटीएस और हवलदार, पद संख्या 12523, अंतिम तिथि 17 फरवरी 2023
3. भारतीय डाक विभाग, पद ग्रामीण डाक सेवक(GDS), पद संख्या 40889, अंतिम तिथि 16 फरवरी 2023
4. मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स (IB), पद सिक्योरिटी असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव और एमटीएस, पद संख्या 1675, अंतिम तिथि 17 फरवरी 2023
5. राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग(RSMSSB), पद सूचना सहायक, पद संख्या 2730, अंतिम तिथि 25 फरवरी 2023
6. राजस्थान गृह विभाग, पद अर्बन होमगार्ड, और बॉर्डर होमगार्ड, पद संख्या 3842, अंतिम तिथि 11 फरवरी 2023
7. सीआईएसएफ, पद जिला कांस्टेबल ड्राइवर और पंप ऑपरेटर, पद संख्या 451, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2023
8. माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान बीकानेर, पद सहायक अध्यापक, पद संख्या 9712, अंतिम तिथि 1 मार्च 2023




## शमिता शेट्टी आमिर अली से अफेयर के चर्चे पर गुस्से से लाल हुईं, कहा- सिंगल और खुश हूं

शमिता शेट्टी ने आमिर अली के साथ डेटिंग की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि फिलहाल मैं अकेली हूं और खुश हूं। उन्होंने कहा कि लोगों को छोटी सोच रखने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। शिल्पा शेट्टी की बहन और बिग बॉस फेम



एक्ट्रेस शमिता शेट्टी का टीवी एक्टर आमिर अली के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें इंटरनेट पर आग की तरह फैल गई। हालांकि, इस तरह के चर्चे से शमिता काफी गुस्से में आ गई और उन्होंने इसे तुरंत खारिज कर दिया।पिछले सप्ताह शमिता एक्टर आशीष चौधरी के वेडिंग एनिवर्सरी की पार्टी में पहुंची थीं और वहां से लौटते वक्त उनका और आमिर का क्लोज मोमेंट कैमरे पर कैद हो गया था। आमिर, शमिता को अपने हाथों से पकड़कर कार की गेट पर छोड़ने आए और गाल पर गुड बॉय किस किया। इसके बाद नेटिज़ेंस दोनों को ट्रोल करने लगे। गौरतलब है कि शमिता का हाल ही में एक्टर राकेश बापट से ब्रेकअप हुआ है, जबकि आमिर भी अपनी पत्नी संजीदा शेख से अलग हो गए हैं। शमिता और राकेश बापट बिग बॉस ओटीटी में साथ थे और वहीं दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं। बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के बाद भी दोनों ने कुछ दिनों तक एक-दूसरे को डेट किया लेकिन उनके बीच रिश्ता ज्यादा दिन चल नहीं पाया और ब्रेकअप हो गया।इंटरनेट पर जब शमिता के नए रिश्ते की अफवाह तैरने लगी तो उन्होंने बिना वक्त गंवाए इसे खारिज कर दिया।

## घर में कैद किया, मार-मारकर चेहरा बिगाड़ा; 'गंदी बात 2' एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी का छलका दर्द

फ्लोरा सैनी, आज जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। लेकिन, एक्ट्रेस की जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया था जब उन्हें इंडस्ट्री से गायब होना पड़ा था। जी हां, इस बात का खुलासा खुद फ्लोरा सैनी ने किया था। अभिनेत्री ने साल 2018 में बताया था कि एब्यूसिव



रिलेशनशिप में रहने की वजह से वह काम नहीं कर पा रही थीं। आज एक्ट्रेस ने एक बार फिर इन दर्दनाक लम्हों को याद किया है। **प्रोड्यूसर के प्यार में पागल थीं फ्लोरा**-मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फ्लोरा सैनी, प्रोड्यूसर गौरांग दोषी के साथ रिलेशनशिप में थीं। वह प्रोड्यूसर के प्यार में पागल थीं। लेकिन, प्रोड्यूसर अभिनेत्री से प्यार नहीं करता था। वह उन्हें मारता था। अभिनेत्री ने मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में खुद इस बात का खुलासा किया था। फ्लोरा ने बताया था कि प्रोड्यूसर ने रिलेशनशिप के दौरान उन्हें घर में कैद किया। उनका चेहरा बिगाड़ा। इतना ही नहीं उनके प्राइवेट पार्ट्स पर मुक्के भी मारे।

**14 महीने तक झेली घरेलू हिंसा**-एक्ट्रेस ने ये भी बताया था कि प्रोड्यूसर ने उनसे उनका फोन छीन लिया था। वह नहीं चाहता था कि एक्ट्रेस काम करे। मारपीट का ये खेल 14 महीनों तक चला। फिर जैसे-तैसे एक्ट्रेस हिम्मत जुटाई और वहां से भाग गई। वह अपने माता-पिता के घर गई और वहां रहने लगीं। **वीडियो साझा कर कही ये बात**-अभिनेत्री ने इन दर्दभरे लम्हों को याद करते हुए एक वीडियो साझा किया है।

## सौंदर्या शर्मा के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट, शहनाज गिल के साथ इस फिल्म में आएंगी नजर

बिग बॉस 16 अब अपने फिनाले के करीब पहुंच गया है। शो में अब केवल सात कंटेस्टेंट बचे हैं। सभी कंटेस्टेंट्स ट्रॉफी हासिल करने की जद्दोजहत में लगे हुए हैं। यूं तो इन सात सदस्यों में से कोई एक ही बिग बॉस 16 का खिताब अपने नाम कर पाएगा। लेकिन, बाहरी दुनिया में प्रोजेक्ट्स हर किसी के हाथ लगने लगे हैं। हाल ही में खबर आई थी कि सलमान खान ने शाहरुख खान की फिल्म डंकी के लिए प्रियंका चाहर चौधरी का नाम रिकमंड किया है। वहीं, अब खबर आ रही है कि सौंदर्या शर्मा भी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं।

**साजिद की फिल्म में नजर आएंगी सौंदर्या**-मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट और प्रोड्यूसर साजिद खान अपनी फिल्म के लिए सौंदर्या शर्मा को साइन करने वाले हैं। बता दें, साजिद खान चार साल बाद बतौर निर्देशक वापसी करने जा रहे हैं। साजिद खान ने बिग बॉस 16 के ग्रैंड प्रीमियर पर अपनी नई फिल्म का ऐलान किया था। उन्होंने अपनी फिल्म का नाम नहीं बताया था लेकिन, बिग बॉस के घर में रहते हुए उन्होंने इस बात का खुलासा जरूर कर दिया था कि वह अपनी फिल्म में शहनाज गिल को बतौर लीड एक्ट्रेस कास्ट करने वाले हैं।




**आइटम्स सॉन्ग के लिए किया साइन**-प्राप्त जानकारी के मुताबिक साजिद खान की यह फिल्म अप्रैल महीने तक फ्लोर पर उतर जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इसी फिल्म के आइटम सॉन्ग में सौंदर्या शर्मा नजर आएंगी। हालांकि, न ही सौंदर्या शर्मा की तरफ से और न ही साजिद खान की तरफ से इस खबर की पुष्टि की गई है।

# सेहत से जुड़े इन लक्षणों को कभी न करें नजर अंदाज

पुरानी थकान से लेकर लगातार मूड स्विंग तक - ये सभी लक्षण अधिक गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों का संकेत देते हैं। खराब स्वास्थ्य के अन्य लक्षण जानने के लिए पढ़ें। ऐसे कई उदाहरण हैं जब एक मामूली स्वास्थ्य संबंधी संकेत आपके शरीर के अंदर पनप रही बीमारी का संकेत हो सकते हैं। इसलिए अपने शरीर को ध्यान से सुनना हमेशा एक अच्छा विचार होता है, खासकर जब आपके शरीर में अचानक बदलाव आ रहे हों।इसे समझने के लिए हेल्थशॉट्स ने फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के न्यूरोलॉजी विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ प्रवीण गुप्ता से संपर्क किया। उनका कहना है कि कई संकेत और लक्षण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकते हैं।



1. **तेजी से वजन घटना**-डॉ गुप्ता कहते हैं, 6 महीने की अवधि में अगर किसी का वज़न 10% से ज़्यादा घट गया है, तो आमतौर पर यह चिंता का संकेत हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप वजन घटने के कारण का मूल्यांकन करने के लिए जांच होनी चाहिए। हो सकता है कि यह मधुमेह, ट्यूमर, या किसी पुराने संक्रमण का संकेत हो।
2. **मूड स्विंग**-बार-बार होने वाले मूड स्विंग के कारण आप चिड़चिड़े हो रहे हैं? लेकिन इसे कम न समझें क्योंकि यह अधिक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि बाइपोलर विकार, डायस्टीमिया की ओर इशारा कर सकता है।
3. **सिरदर्द**-डॉ गुप्ता कहते हैं जबकि माइग्रेन या लंबे समय से सिरदर्द बहुत आम है, यह आमतौर पर गंभीर नहीं होता, लेकिन सतर्क रहें। कोई भी सिरदर्द जो रात में या सुबह बढ़ जाता है किसी समस्या का संकेत हो सकता है। अगर यह लगातार बना हुआ है और पेन किलर का असर नहीं हो रहा है, तो यह हाथ और पैरों में कोई कमजोरी ट्यूमर या मेनिन्जाइटिस जैसे गंभीर विकार का संकेत हो सकता है।
4. **थकान**-थकान का इलाज एक अच्छे आहार और आराम से किया जा सकता है, लेकिन लगातार थकान एक विकार हो सकता है। जिसे क्रोनिक फटीग सिंड्रोम (सीएफएस) के रूप में जाना जाता है। इसलिए डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लें और जल्द ही सही निदान पाएं।
5. **लगातार खांसी**-डॉ गुप्ता कहते हैं, लगातार खांसी के साथ वजन कम होना, निम्न श्रेणी का बुखार, थकान एक गंभीर विकार का लक्षण हो सकता है, और इसका मूल्यांकन करने के लिए छाती का एक्स-रे अनिवार्य है। यह ट्यूमर जैसे संक्रमण का संकेत हो सकता है।
6. **सीने में दर्द**-यदि आप अपने स्तन की हड्डी के नीचे दबाव, संकुचन, जकड़न जैसी भावना का अनुभव करते हैं, तो तुरंत अपने चिकित्सक को बुलाएं। दर्द जो आपके जबड़े, बाएं हाथ या पीठ में फैलता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ होती है। यह सामान्य नहीं है, और कुछ मामलों में, यह दिल का दौरा भी हो सकता है!



## क्या मेनोपॉज को फिजियोथेरेपी से बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है?

रजोनिवृत्ति एक महिला के जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। जिसके साथ शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। रजोनिवृत्ति को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए, फिजियोथेरेपी मददगार हो सकती है। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी कई चिंताएं होती हैं मासिक धर्म चक्र, गर्भावस्था, जन्म नियंत्रण, रजोनिवृत्ति और यह सिर्फ शुरुआत है। रजोनिवृत्ति एक महिला के जीवन में बदलाव लाती है। यह प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया 50 साल की उम्र (औसतन) के आसपास होती है। जिसमें मासिक धर्म चक्र रुक जाता है। मासिक धर्म की अनुपस्थिति के अलावा, रजोनिवृत्ति अन्य तरीकों से भी दिखाई देती है। हॉट फ्लश जैसे कुछ प्रभाव असहज हो सकते हैं। जबकि अन्य पर किसी का ध्यान नहीं जाता।कई महिलाएं इन परिवर्तनों से अनजान हैं और अपनी स्थिति को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए डॉक्टर से मदद लेने से हिचकिचाती हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए फिजियोथेरेपिस्ट से मदद लेना इस चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**मेनोपॉज से जुड़े लक्षण**-शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द, सूजन, सिरदर्द/माइग्रेन, अचानक गर्मी लगना, बढ़ती थकान, रात को पसीना, स्तनों में दर्द, योनि का सूखापन, जागना और वजन बढ़ना जैसे शारीरिक लक्षण हो सकते हैं।

### धर्म दर्शन

## जानिए क्यों किया जाता है जनेऊ संस्कार, जानिए धारण करने की विधि और धार्मिक महत्व




जनेऊ, यज्ञोपवीत को हिंदू धर्म का विशेष संस्कार माना जाता है। इसे धारण करने की परंपरा सदियों से यूँ ही चली आ रही है। इसे उपनयन संस्कार कहा जाता है। उपनयन का अर्थ है पास या सन्निकट ले जाना यानी ईश्वर और ज्ञान के पास ले जाना। पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि सनातन परंपरा के 24 संस्कारों में 'उपनयन' संस्कार का बहुत महत्व है। यह संस्कार अमूमन 10 साल से कम उम्र के बालकों का करवाया जाता है। जानिए कैसे कराया जाता है यज्ञोपवीत संस्कार और इसका धार्मिक महत्व।

**कैसे कराया जाता है यज्ञोपवीत संस्कार** यज्ञोपवीत संस्कार प्रारम्भ करने के पूर्व यज्ञोपवीत होने वाले का मुंडन करवाया जाता है। संस्कार के मुहूर्त के दिन स्नान करवाकर उसके सिर और शरीर पर चंदन केसर का लेप करते हैं और जनेऊ पहनाकर ब्रह्मचारी बनाते हैं।

फिर हवन करते हैं। विधिपूर्वक गणेश आदि देवताओं का पूजन, यज्ञवेदी एवं बालक को अधोवस्त्र के साथ माला पहनाकर बैठाया जाता है। इसके बाद दस बार गायत्री मंत्र से अभिमंत्रित करके देवताओं के आह्वान के साथ उससे शास्त्र शिक्षा और व्रतों के पालन का वचन लिया जाता है। गुरु मंत्र सुनाकर कहता है कि आज से तू अब ब्राह्मण हुआ अर्थात ब्रह्म (सिर्फ ईश्वर को मानने वाला) को माने वाला हुआ।

## सफलता के लिए व्यक्ति को करना चाहिए यह महत्वपूर्ण कार्य

मनुष्य जीवन में विद्या का मोल सबसे अधिक है। जो व्यक्ति विद्या अर्जित करके अपना जीवन यापन करता है, वह सदैव सफलता प्राप्त करता है। लेकिन जो अज्ञानता के कारण कोई कार्य करता है, उसके हाथ हमेशा खाली ही रहते हैं। इसलिए जीवन में एक उचित मार्गदर्शक का होना अतिआवश्यक है। ऐसे ही एक मार्गदर्शक थे आचार्य चाणक्य, जिनके द्वारा रचित चाणक्य नीति आज भी लाखों युवाओं का मार्गदर्शन कर रही है। चाणक्य नीति में धर्म, अर्थ, राजनीति के साथ-साथ जीवन की अन्य महत्वपूर्ण नीतियों के विषय में भी बताया गया है। माना जाता है कि जो लोग इन नीतियों का पालन करके जीवन व्यतीत करते हैं, उन्हें सदैव सफलता प्राप्त होती है। आइए चाणक्य नीति के इस भाग में जानते हैं कि मनुष्य के सफलता प्राप्त करने के किस महत्वपूर्ण चीज पर कार्य करना चाहिए।

**चाणक्य नीति के इस शिक्षा का रखें ध्यान**

**गुणैरुत्तमतां यान्ति नोच्चैरासनसंस्थितैः ।**
**प्रसादशिखरस्थोऽपि किं काको गरुडायते ।।**

अर्थात- गुणों से ही मनुष्य बड़ा बनता है, ना कि किसी ऊंचे स्थान पर बैठने से। राजमहल के शिखर पर यदि कौवा बैठ जाए तो वह गरुड़ नहीं बन जाता है।

चाणक्य नीति के माध्यम से आचार्य चाणक्य ने बताया है कि जो लोग अच्छे गुणों को साथ लेकर कोई भी कार्य करते हैं, वही श्रेष्ठ और सफल व्यक्ति कहलाते हैं। यह जरूरी नहीं कि वह ऊंचे स्थान पर बैठा हुआ व्यक्ति हो। ऐसा इसलिए क्योंकि महल के शिखर पर अगर कौवा बैठ जाता है तो उसे गरुड़ के समान शक्तिशाली नहीं कहा जा सकता है। वह हमेशा कमजोर और अप्रिय बोलने वाला काक ही रहेगा। लेकिन जमीन पर बैठा हुआ गरुड़ हमेशा पक्षीराज कहलाएगा। इसलिए व्यक्ति को सदैव अपने गुणों पर कार्य करना चाहिए।



## सपने में चांद का दिखना शुभ या अशुभ, जानिए इन सपनों का मतलब

अधिकतर लोग सोने के बाद सपने जरूर देखते हैं। किसी को अच्छे सपने दिखाई देते हैं , तो किसी को थोड़े विचित्र सपने दिखाई देते हैं। कई लोग में देखें हुए चीजों को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन स्वप्न शास्त्र के अनुसार माना जाता है कि सपने में दिखने वाले कई चीजों आने वाले भविष्य की ओर इशारा करती है। ऐसे ही अगर सपने में चांद दिखाई दे, तो इसका क्या है मतलब। जानिए स्वप्न शास्त्र से।

**सपने में चांद दिखने का अर्थ**

**आधा चांद दिखना** अगर सपने में किसी व्यक्ति को आधा चांद दिखाई दें, तो इसे शुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार इसका मतलब है कि व्यक्ति को आने वाले समय में अचानक धन लाभ, व्यापार-नौकरी में तरक्की के साथ किसी यात्रा में जाने का मौका मिल सकता है।

**पूर्ण चंद्रमा दिखना** सपने में पूरा चंद्रमा दिखना भी शुभ माना जाता है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में कोई शुभ समाचार मिलने वाला है। विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। इसके साथ ही परिवार के सदस्यों के बीच चल रही खटास से निजात मिलेगी।

**लाल चंद्रमा दिखना**अगर सपने में किसी को लाल चंद्रमा दिखाई देते है,तो इसे अशुभ माना जाता है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## सड़क दुर्घटनाओं के कारण और निवारण

जब पूरा देश नए उत्साह और नई आशाओं से लबरेज था तब राजधानी दिल्ली में एक हिट एंड रन केस ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। इससे कुछ ही दिन पहले क्रिकेटर रिषभ पंत एक सड़क हादसे में बाल-बाल बचे। पिछले वर्ष सितंबर के महीने में जाने-माने उद्योगपति साइरस मिस्त्री तो ऐसी भयावह सड़क दुर्घटना के शिकार बने कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ये कोई इक्का-दुक्का मामले नहीं हैं।भारत में हर साल करीब डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं। यह स्थिति तब है जब भारत में विश्व के तकरीबन 10 प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। ऐसे अनगिनत उदाहरणों और तथ्यों की कड़ी कहीं न कहीं सड़क सुरक्षा के बिंदु पर आकर जुड़ती है। ये हमें यही स्मरण कराते हैं कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारे लिए तत्काल कितना महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि हम सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित कैसे बनाएं? दिल्ली हिट एंड रन केस के तुरंत बाद कई तरह की मांगें सामने आईं। उनमें दिल्ली पुलिस में नई भर्तियों से लेकर आरोपित ड्राइवर को मौत की सजा देने जैसी मांगें शामिल हैं, लेकिन क्या ऐसे कदम कारगर होंगे?सड़क हादसे क्यों होते हैं? इसके मुख्यतः छह कारण हैं। पहला-अंधाधुंध रफ्तार के कारण, दूसरा-ट्रैफिक नियमों को तोड़ने के कारण, तीसरा-नशे में गाड़ी चलाने या गाड़ी चलाने के दौरान नींद आने के कारण, चौथा-खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण के कारण और पांचवां गाड़ियों की खराब हालत और आखिरी कारण है तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता के चलते।सड़क हादसों से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है तकनीक में निवेश करना। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआइ तकनीक बड़ी सहायक हो सकती है। वाहनों को एआइ से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकेगी और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकेगा। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे, जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा।


राम गोपाल सैनी

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

**रिपब्लिक डे परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित**

## राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए युवाओं को जीवन जीने की कला सिखा रहा है एनसीसीःराज्यपाल

जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि एनसीसी युवाओं को समाज और राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए जीवन जीने की कला सिखाने का महती कार्य कर रहा है। राज्यपाल मिश्र कर्तव्य पथ पर रिपब्लिक डे परेड में भाग लेकर लौटे राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स के लिए गुरुवार शाम को राजभवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर मिलने के लिए बधाई देते हुए उन्हें देश का जागरुक नागरिक बनने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स के उत्साहवर्धन के लिए विवेकाधीन कोटे से पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा भी की। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी युवा वर्ग की शक्ति और साहस को दिशा देते हुए देश के लिए समर्पित होकर कार्य करने की सीख देता है।



उन्होंने कहा कि जो एक बार कैडेट बन जाता है वो जीवन में हमेशा के लिए अनुशासन और समर्पण से जुड़ जाता है। उन्होंने इस अवसर पर विश्व की सबसे बड़ी संगठित संस्था के रूप में पहचान बनाने के लिए एनसीसी की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी संतोष व्यक्त किया कि एनसीसी के 17 लाख कैडेट्स में 35 प्रतिशत कैडेट्स छात्राएं हैं। उन्होंने कैडेट्स से संविधान से जुड़े आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान ही राष्ट्र में सभी की सहभागिता को सुनिश्चित करता है, यह हमारे देश के गणतंत्र का प्रतीक है।

कार्यक्रम के बाद गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे कैडेट्स ने राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया और संविधान की संस्कृति को प्रकट करते कला-रूपों का अवलोकन किया। एटहोम कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कई राजस्थानी लोक गीतों और लोक नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी।

**बिना ओटीपी मैसेज खाते से 5 लाख रु. निकले**

## हेल्पलाइन पर कॉल कर ऑनलाइन बैंकिंग और डेबिट कार्ड को बंद करवाया

जयपुर(नि.सं.)। झोटवाड़ा इलाके में एक साइबर ठग ने एक युवक का मोबाइल हैक कर लाखों रूपए हड़प लिए। पीड़ित को जब अपने साथ साइबर ठगी की जानकारी मिली तो वह झोटवाड़ा थाने पहुंचा। पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पीड़ित के मोबाइल से साइबर ठग ने सात बार ट्रांजैक्शन कर के यह पैसा निकाला। जब पीड़ित ने ट्रांजैक्शन से संबंधित मैसेज मोबाइल पर देखे तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित ने तुरंत बैंक की हेल्पलाइन पर कॉल कर ऑनलाइन बैंकिंग और डेबिट कार्ड को बंद करवाया। इसके साथ ही साइबर पोर्टल हेल्पलाइन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंच ठगी का मामला दर्ज करवाया। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रांजैक्शन डिटेल के आधार पर जांच करना शुरू किया है। पुलिस ने बताया आराधना कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया है कि साइबर ठग ने 29 जनवरी को मोबाइल हैक कर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 5 लाख 23 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। जानकारी में सामने आया कि पीड़ित दिनेश के पास न तो किसी तरह का कोई फोन आया, न ही कोई लिंक ओपन किया और न ही किसी को किसी तरह का ओटीपी बताया। उसके बाद भी बैंक खाते से लाखों रुपए साफ हो गए।




**मंडल के 75 प्रोजक्ट रेरा में पंजीकृत**

## आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने मंडल टीम को दी बधाई

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने मंडल की 75वीं परियोजना के रेरा (राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में पंजीकृत होने पर मंडल टीम को बधाई देकर कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया। आवासन आयुक्त ने मंडल मुख्यालय पर शुक्रवार को आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मंडल द्वारा चलाए जा रही सभी परियोजना में रेरा की पालना सुनिश्चित करने के लिए शाखा का गठन किया गया और मंडल शत -प्रतिशत रेरा की पालना कर रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन के विश्वास को हम रेरा के साथ निरंतर मजबूत कर रहे हैं। अरोड़ा ने बताया मंडल के 75 प्रोजक्ट अब तक रेरा में पंजीकृत हो चुके हैं, जल्द ही यह आंकड़ा 100 को छू लेगा। उन्होंने बताया कि रेरा में 100 प्रोजेक्ट पंजीकृत होने पर राजस्थान आवासन मंडल देश की सबसे बड़ी रेरा रजिस्टर्ड संस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल और रेरा चेयरमैन एनसी गोयल के नेतृत्व में मंडल के सभी प्रोजेक्टों में रेरा की पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है। इस अवसर पर रामानंद गोयल एंड कंपनी के सीए हिमांशु गोयल ने बताया कि आयुक्त के निर्देशन में मंडल के सभी कार्य रेरा की अनुपालन के साथ समय पर पूरे हुए हैं, जिससे आमजन को खासा लाभ हुआ है। इस दौरान सचिव मती अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार मती संजय शर्मा, मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, आवासीय अभियंता उमेश गोयल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






## साइंस-इन्वेंटिया और मास्टर शेफ में दिखी क्रिएटिविटी

**इंटर कॉलेज फेस्ट मंथन में म्यूजिक परफॉर्मेंस ने जीता ऑडियंस का दिल**

जयपुर(नि.सं.)। पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में चल रहे चार दिवसीय इंटरकोलिजिएट फेस्ट मंथन- 2023 के दूसरे दिन सोलो सिंगिंग, मास्टर शेफ, केश फ्रॉम ट्रेश, साइंस-इन्वेंटिया का आयोजन का किया गया। इस दौरान मास्टर शेफ में स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी का प्रदर्शन किया एवं विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। इसके साथ ही साइंस-इन्वेंटिया में विभिन्न साइंस मॉडल प्रस्तुत किए और शाम को म्यूजिक परफॉर्मेंसेस देकर ऑडियन्स का दिल जीता। कार्यक्रम में सोलो सिंगिंग में हरिनारायण डांगी, चारुल अग्रवाल प्रियांश जैन, साइंस-इन्वेंटिया में खुशबू गौतम और टीम, वैष्णवी शर्मा, अकरम खान और टीम, अनुराधा अग्रवाल, केश फ्रॉम ट्रेश में यश एंड टीम, सलोनी और टीम, सारांश बदरिया और गुनगुन और टीम विजेता रहे। मुख्य अतिथि के रूप में रीना भाटिया, तपन शर्मा और विजय ने शिरकत की। ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने अतिथियों का स्वागत किया एवं स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंसेस की सराहना की।



RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा